# राजगढ़–ब्यावरा



नवभारत
भोपाल, गुरुवार 30 अप्रैल, 2026


## एक नजर में

### भगवान नरसिंह जयंती आज, होंगे आयोजन

**नरसिंहगढ़ 29 अप्रैल, सं.** नगर के आराध्य कुलदेवता भगवान नृसिंह की जयंती आज गुरुवार को पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जाएगी. जयंती को लेकर थावरिया स्थित प्राचीन श्री नृसिंह मंदिर में विशेष तैयारियां की गई हैं और मंदिर को आकर्षक सजावट से सजाया गया है. इस उपलक्ष्य में प्रात भगवान नृसिंह की प्रतिमा का अभिषेक एवं विधिवत पूजा अर्चना की जाएगी. दिन भर श्रद्धालुओं का दर्शन हेतु आगमन रहेगा. वहीं शाम को सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल होंग.

### किसानों की सुविधा हेतु बढ़ी स्लॉट बुकिंग

**राजगढ़ 29 अप्रैल, का.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 9 मई से बढ़ाकर 23 मई कर दी गई है. उपार्जन केन्द्रों पर आवश्यकतानुसार तौल कांटों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी. अब किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी. प्रक्रिया को और सरल एवं सुगम बनाया गया है. साथ ही, एनआईसी के माध्यम से स्लॉट बुकिंग की तकनीकी क्षमता भी बढ़ाई गई है, जिससे स्लॉट बुकिंग में आने वाली समस्याओं का समाधान होगा.

### दिग्विजय सिंह से मिला प्रतिनिधिमंडल

**सारंगपुर 29 अप्रैल, सं.** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह से बुधवार को उनके भोपाल स्थित आवास पर कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की. इस दौरान विभिन्न सामाजिक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की. पदीप जैन ने बताया गया कि सारंगपुर क्षेत्र में नल-जल योजना के बार-बार ठप्प होने से आमजन को गर्मी के दिनों में जलसंकट का सामना करना पड़ रहा है. और किसानों को भी सम्मान निधि न मिलने जैसी समस्याओं से जुझना पड़ रहा है. श्रीसिंह ने सभी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए समाधान कराने का आश्वासन दिया. मुलाकात के दौरान वरिष्ठ किसान नेता कमल सिंह राणा, बाबू मालवीय, दिनेश पुरी, महेश खाती, रामबाबू सेन सहित अन्य उपस्थित थे.

### मकान सूचीकरण हेतु 23 चार्ज अधिकारी

**राजगढ़ 29 अप्रैल, का.** जिला जनगणना अधिकारी डॉ. ज्योति राजोरे द्वारा बताया गया कि जनगणना 2027 प्रथम चरण मकान सूचीकरण हेतु जिले में 23 चार्ज अधिकारी नियुक्त किये गए है. जिसमें 09 तहसील ग्रामीण स्तरीय चार्ज अधिकारी एवं 14 नगरीय स्तरीय चार्ज अधिकारी है. ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत 1723 ग्राम में 2564 जनगणना ब्लाक एवं नगरीय क्षेत्र के 219 वार्ड में 479 जनगणना ब्लाक बनाये गये है. ग्रामीण क्षेत्र में 2150 प्रगणक एवं 345 सुपरवाइजर एवं नगरीय क्षेत्र में 526 प्रगणक एवं 103 सुपरवाइजर जनगणना मकान सूचीकरण हेतु लगाये जाकर 01 अप्रैल से 23 अप्रैल के मध्य 03 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है. 16 अप्रैल से 30 अप्रैल के मध्य स्व गणना कार्य प्रारंभ हुआ. अभी तक जिले में 43120 परिवारों द्वारा स्व-गणना कर ली गई है. राज्य में जिला स्व गणना में तीसरी रैंक पर है.

# हादसों से कब, कौन सबक लेगा ..पता नहीं !

## जिले में 14 अप्रैल से अब तक 18 से अधिक मौत हो चुकी है, इनमें ओवरलोडिंग से 7 लोगों की जान गई जबकि 40 घायल हुए

**हादसों से सबक नहीं, 10 दिन में 13 मौते लोडिंग वाहनों और ट्रॉलियों में धड़ल्ले से सफर जारी, यातायात महकमा किसी और बड़े हादसे के इंतजार में**



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 29 अप्रैल, का. बीते 10 दिनों में जिले में सड़क हादसों में 13 लोगों ने जान गंवाई. सभी हादसे लापरवाही के कारण हुए और मानवक्षति हुई. बड़े हादसों में सामने आया है कि गैर सवारी वाहनों में क्षमता से अधिक लोग बैठे हुए थे. वाहन पलटी खाए और बड़ी संख्या में लोग घायल हुए और मौतें भी हुई. वहीं यातायात नियमों की अनदेखी, यातयात विभाग की सुस्ती के कारण भी बेखौफ होकर वाहन चालकों ने हाईवे पर दनदनाते हुए वाहन चलाए और परिणति दुर्घटनाओं के रूप में सामने आई. इन हादसों के बाद भी पुलिस और यातायात विभाग की नींद नहीं खुली है.लोडिंग वाहनों और ट्रॉलियों में खचाखच सवारियों को दिन और रात में हाईवे पर सफर करते हुए देखा जा सकता है. इन्हें ना कोई रोकने वाला है और ना ही समझाईश देने वाला है.**

साथ ही हादसों के बावजूद लोगों में हैलमेट लगाने, रात के समय हाईवे पर संभलकर चलने की सीख और हिदायतें नजर नहीं आती. वहीं रात के समय तेज रफ्तार वाहनों को देखने की भी किसी को फुर्सत नहीं है.

### 40 लोगों से भरी ट्रॉली नाले में उतरी, 4 की मौत

15 अप्रैल को जिले के माचलपुर अंतर्गत पीपल्याकुल्मी रोड़ पर 40 लोगों से भरी ट्रॉली नाले में पलट गई. हादसे में 3 लोगों की मौके पर मौत हो गई. जबकि हादसे के दौरान करीब 13 लोग गंभीर घायल हो गए. सभी शादी की रस्म पर शामिल होने सांवलपुरा से नयागांव जा रहे थे. ट्रक से जोरदार टक्कर के बाद ट्रॉली नाले में जा गिरी. वाहन चालक संतुलन नहीं बना पाया और हादसा हो गया. दुर्घटना के पीछे सीधा का कारण ओवरलोडिंग और लापरवाही था.


### कचनारिया निवासी परिवार की ट्रॉली पलटी, बच्ची की मौत

14 अप्रैल को 11 महीने की बच्ची की मानता उतारने के लिए ब्यावरा के कचनारिया के लोग कामखेड़ा धाम जा रहे थे. जिले की सीमा पर दांगीपुरा गांव के पास बकरियां सामने आने से क्षमता से अधिक लोगों से सवार ट्रॉली पलट गई. जिस बच्ची के भविष्य के लिए मानता करने जा रहे थे हादसे में उसी की मौत हो गई. वहीं 15 लोग हादसे में घायल हो गए. ट्रैक्टर ट्रॉली हादसे की 14 और 15 अप्रैल को दो भयावह तस्वीरें देखने को मिली.

### बीते 10 दिनों में कब कहां हादसे हुए

- 27 अप्रैल की रात पचोर के समीप खुजनेर रोड़ पर पिकअप में करीब दो दर्जन लोग सवार थे. ट्रक की टक्कर से वाहन पलट गया, **2 महिलाओं की मौत** हो गई जबकि 21 लोग घायल हो गए. हादसा रात के समय हुआ.
- 27 अप्रैल की सुबह जीरापुर के समीप मान्याखेड़ी में पिकअप ने ऑटो को टक्कर मार दी. जिसमें **11 लोग घायल हो गए**. ऑटो में क्षमता से अधिक 9 लोग सवार थे और विवाह सम्मेलन से लौट रहे थे.
- 26 अप्रैल को नरसिंहगढ़ के समीप ब्यावरा रोड़ पर मानपुरादेव गांव के समीप जीप ने मैजिक को टक्कर मार दी. **हादसे में 12 लोग घायल** हो गए. मैजिक में क्षमता से अधिक लोग सवार थे. जिनमें गंभीर घायल हो भोपाल रेफर किया गया.
- 25 अप्रैल को जिले में **3 बाईक सवारों की मौत हो गई**. जीरापुर ससुनेर रोड़ पर अज्ञात वाहन ने बाईक सवार को रौंद दिया जबकि खुजनेर के समीप खंजरपुर के पास इसी प्रकार के हादसे में बाईक सवार मां बेटे की मौत हो गई. संभवत: किसी लोडिंग वाहन की टक्कर से इनकी मौत हुई.
- 24-25 अप्रैल की रात को तीन सड़क हादसे हुए. हंस ट्रैवल्स की 2 बसें लापरवाही के कारण हादसे का शिकार हो गई जिसमें **2 की मौत** हो गई, जबकि ब्यावरा के पास काचरी जोड़ पर शादी समारोह से लौट रहे बाईक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी जिसमें उसकी मौत हो गई.
- 23 अप्रैल को कार ने एक लोडिंग वाहन को टक्कर मार दी जिसमें एक बालक की मौत हो गई. हादसा पड़ाना के समीप हाईवे पर हुआ.
- 21 अप्रैल को जिले में **तीन हादसों में 4 लोगों की जान चली गई**. करनवास के समीप शादी के काम से लौट रहे ऑटो को वाहन ने टक्कर मार दी. जिसमें समेली गांव निवासी युवक की मौत हो गई. जबकि सुठालिया रोड़ पर बाईक सवार दंपत्ति को अन्य बाईक सवार ने टक्कर मार दी. हादसे में पत्नी की मौके पर मौत हो गई. जबकि पड़ाना निवासी दो लोगों को बोलेरो ने टक्कर मार दी जिसमें दोनों की मौत हो गई.

### जिले में सवारियां ढो रहे ट्रैक्टर-टॉली और लोडिंग वाहन



खेती के लिए काम आने वाले ट्रैक्टर ट्रॉली और लोडिंग वाहन माल भाड़े के काम आते है. लेकिन राजगढ़ जिले में ये वाहन सवारियों को ढोने के काम आ रहे है. इनता ही नहीं हादसों का कारण बन रहे है. खुलेआम ये वाहन हाईवे और मुख्य मार्गों पर यातायात पुलिस, थानों के सामने से गुजरते है. लेकिन इन पर कोई रोकटोक करने वाला नहीं है. बीते 14 अप्रैल से अब तक कोई बड़ी चालानी कार्यवाही यातयात पुलिस की नजर नहीं आई.

## खरीदी केंद्र पर धीमी रफ्तार से परेशान किसान



**पडाना 29 अप्रैल, सं.** समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की रफ्तार धीमी होने से किसान परेशान हैं. पडाना कृषि सेवा केंद्र के अंतर्गत मनकामेश्वर वेयर हाउस में बने खरीदी केंद्र पर चार तौल कांटे लगे होने के बावजूद तोल की गति बेहद धीमी चल रही है.समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू होने से मंगलवार तक यहां 343 किसानों से कुल 11 हजार 34 क्विंटल 500 किलो गेहूं की खरीदी की जा चुकी है. इधर सरकार द्वारा खरीदी की लिमिट हटाए जाने के बाद बड़े किसान भी खरीदी केंद्रों पर पहुंच रहे हैं, जिससे केंद्र पर भीड़ बढ़ गई है.

### सर्वर धीमा, बढ़ी किसानों की परेशानी

किसानों के लिए सबसे बड़ी समस्या धीमा चल रहा सर्वर बन गया है. तौल के बाद एंट्री में घंटों लग रहे हैं. सुबह से लाइन में लगे किसानों को रात तक इंतजार करना पड़ रहा है.

### सर्वर बना परेशानी

गेहूं खरीदी में सबसे बडी समस्या सर्वर बना हुआ है जिस कारण स्लॉट बुक नहीं हो पा रहे है. किसानों ने प्रशासन से सर्वर की गति सुधारने और तौल कांटे बढ़ाने की मांग की है, ताकि खरीदी प्रक्रिया तेज हो सके.

# खराब रिजल्ट पर भड़के ग्रामीण, लगाए आरोप



नवभारत न्यूज

**छापीहेड़ा 29 अप्रैल, सं. समीपस्थ ग्राम नांदनी जागीर स्थित पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा परिणाम खराब आने पर सोमवार को ग्रामवासियों का आक्रोश फूट पड़ा. बड़ी संख्या में ग्रामीण स्कूल परिसर के बाहर एकत्रित हुए और जमकर प्रदर्शन किया.**

ग्रामीणों का आरोप है कि कक्षा 10वीं के 48 विद्यार्थियों में से 26 छात्र-छात्राएं अनुत्तीर्ण हो गए. जिससे स्कूल का परिणाम बेहद खराब रहा. उन्होंने कहा कि प्राथमिक से लेकर हाई सेकेंडरी स्तर तक के कई विद्यार्थियों को अपने माता-पिता का नाम तक अंग्रेजी में लिखना नहीं आता. ऐसे में सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं.

ग्रामीणों ने शिक्षकों पर समय पर स्कूल नहीं आने का भी आरोप लगाया. उन्होंने मांग की कि अयोग्य शिक्षकों को हटाकर योग्य शिक्षकों की नियुक्ति की जाए. साथ ही स्कूल में सफाई व्यवस्था सुधारने, दो सफाई कर्मचारियों एवं एक शौचालय कर्मी की नियुक्ति, तथा सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की.

स्थिति को देखते हुए थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश दी. वहीं स्कूल प्राचार्य ने स्पष्ट किया कि जो विद्यार्थी नियमित रूप से स्कूल आए और पढ़ाई की, वे उत्तीर्ण हुए हैं. जबकि अनुपस्थित रहने वाले छात्र-छात्राएं असफल रहे. उन्होंने भविष्य में सुधार का आश्वासन भी दिया. जिला शिक्षा अधिकारी करण सिंह भिलाला ने कहा कि दोषियों पर भी कार्यवाही होगी.

## भाजपा महिला मोर्चा ने निकाली आक्रोश रैली

**नरसिंहगढ़ 29 अप्रैल, सं.** महिला आरक्षण बिल का विरोध करने वाले विपक्षी दलों के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा ने गुरुवार को नगर में आक्रोश रैली निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया.इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया और महिला आरक्षण के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की. आक्रोश रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई निकली, जहां महिला कार्यकर्ताओं ने हाथो में तख्तियां लेकर विपक्ष के रवैये पर नाराजगी जताई. कार्यक्रम में विधायक मोहन शर्मा, उर्मिला उपाध्याय, सीमा बिहानी, मंजू सोनी, रेखा पचवार्या सहित महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहीं.

# जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति पर हुई समीक्षा



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 29 अप्रैल, का.** जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया की अध्यक्षता में बुधवार को जिला पंचायत सभागार में साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई. बैठक का मुख्य विषय प्रदेश शासन के महत्वाकांक्षी जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 की प्रगति एवं जिले में किए जा रहे जल संरक्षण कार्यों की समीक्षा रहा. बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा अभियान अंतर्गत जिले में संचालित विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई. साथ ही बताया गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत राजगढ़ जिला प्रदेश स्तर पर चौथे स्थान पर तथा संभाग स्तर पर प्रथम स्थान पर है, जो जिले के लिए अत्यंत गौरव का विषय है.

जिले में प्रमुख रूप से खेत तालाब निर्माण, डगवेल रिचार्ज, रिचार्ज पिट, सार्वजनिक रिचार्ज पिट, आवासीय रिचार्ज पिट, आवास एवं शासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग, नाला ट्रेंचिंग, सोकपिट/मैजिक पिट निर्माण, कुओं एवं बावड़ियों की साफ-सफाई एवं मरम्मत कार्य, पौधरोपण सहित अन्य जल संरक्षण संबंधी कार्य युद्ध स्तर पर किए जा रहे हैं.

जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सौंधिया एवं विधायक खिलचीपुर हजारी लाल दांगी द्वारा जिले में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा गया कि जल संरक्षण केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक भागीदारी से ही यह अभियान सफल होगा. उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए पानी की प्रत्येक बूंद बचाने का संकल्प लें और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण सुनिश्चित करें.

# 6 दिनों में लौटाई सायबर ठगी की रकम

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 29 अप्रैल, का.** पुलिस द्वारा आमजन को सायबर अपराधों से त्वरित राहत प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित ऑपरेशन मनी बैक के अंतर्गत 6 दिन में पीड़ित को ठगी की रकम लौटाई गई है. सायबर सेल द्वारा तत्परता, तकनीकी दक्षता एवं प्रभावी समन्वय का परिचय देते हुए सायबर धोखाधड़ी के एक प्रकरण में कुल 3 लाख 01 हजार 193 रुपए की शत-प्रतिशत राशि मात्र 6 दिवस में पीड़ित को वापस कराई है.

फरियादी शाहरुख खान पिता इशाक खान, उम्र 29 वर्ष, निवासी अकबर कॉलोनी, ब्यावरा द्वारा 23 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई गई कि उनके मोबाइल में व्हाट्सएप का एक फीचर चालू होने के कारण एक संदिग्ध एपीके फाइल स्वत: डाउनलोड हो गई.

उक्त फाइल के माध्यम से मोबाइल हैक कर अज्ञात साइबर अपराधी द्वारा उनके बैंक खाते से 3 लाख 01 हजार 193 रुपए की राशि धोखाधड़ीपूर्वक निकाल ली गई. शिकायत प्राप्त होते ही सायबर सेल राजगढ़ ने बिना विलंब कार्रवाई करते हुए तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से संदिग्ध खातों की पहचान की. संबंधित बैंकों से त्वरित समन्वय स्थापित कर राशि को फ्रीज कराया और वैधानिक प्रक्रिया से राशि वापस दिलाई.



# शराब की ओवररेटिंग पर आबकारी विभाग की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 29 अप्रैल, सं.** आबकारी कमिश्नर द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सारंगपुर सहित जिले में शराब माफियाओं और नियमों के उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई तेज हो गई है. मंगलवार रात्रि में कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी रितेश लाल के मार्गदर्शन में सारंगपुर आबकारी विभाग ने क्षेत्र की लाइसेंसी मदिरा दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया.

**शिकायत पर हुई छापेमारी**

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ मदिरा दुकानों पर तय एमआरपी से अधिक दामों पर शराब बेची जा रही है. इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सारंगपुर वृत्त प्रभारी सौरभ कनासे ने अपनी टीम के साथ औचक कार्रवाई की. जांच के दौरान दुकानों पर अनियमितताएं पाई गईं और विभागीय प्रकरण कायम किए गए. श्रीकनासे ने बताया कि हमारी टीम ने भैंसवामामाता स्थित कंपोजिट दुकान लाइसेंसी प्रमोद कुमार शिवहरे, सारंगपुर मेंलाइसेंसी मोहिनी इंटरप्राइजेज, पीलूखेडी लाइसेंसी विवेक राय तथा रामगढ लाइसेंसी अरुण पटेल की दुकानों पर शराब को तय मूल्य से अधिक कीमत पर बेचते पाया गया. जिसके बाद मौके पर ही सख्त कार्रवाई की.

**लाइसेंसियों को कड़ी चेतावनी**

निरीक्षण के दौरान श्रीकनासे ने लाइसेंसियों को दो टूक शब्दों में निर्देश दिए कि दुकान का संचालन आबकारी अधिनियम 1915 और म.प्र. शासन के नियमों के तहत ही किया जाए. नियमों की अनदेखी करने पर लाइसेंस निरस्त करने जैसी सख्त कार्रवाई भी की जा सकती है.

**यह भी दिए निर्देश**

दुकान संचालको को निर्देश दिए कि दुकानों पर रेट लिस्ट का पालन करते हुए मदिरा की बिक्री केवल एमआरपी से की जाए. दुकान के आसपास किसी को भी मदिरापान न करने दिया जाए. 18 वर्ष से कम आयु के किशोरों को मदिरा का विक्रय पूर्णत: प्रतिबंधित है. दुकान में स्टॉक हमेशा परमिट के अनुसार ही उपलब्ध होना चाहिए. दुकान और उसके आसपास के परिसर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए. दूसरी तरफ आबकारी विभाग की इस अचानक हुई कार्रवाई से शराब ठेकेदारों में हडकंप मचा हुआ है. विभाग ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस प्रकार के औचक निरीक्षण जारी रहेंगे.

**आगजनी** ▶ बाल-बाल बचा सरकारी गोदाम और रिकॉर्ड, आसपास मौजूद लोगों ने दिखाई तत्परता

# बीज निगम कार्यालय के पास पहुंची नरवाई की आग

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 29 अप्रैल, का. नगर में बुधवार दोपहर भोपाल बायपास रोड पर उस समय अफरातफरी मच गई, जब बीज निगम कार्यालय के समीप नरवाई जलाने से लगी आग ने विकराल रूप ले लिया. आग की लपटें तेजी से फैलते हुए कार्यालय परिसर की बाउंड्री तक पहुँच गई.**

हालांकि, दमकल विभाग और स्थानीय लोगों की मुस्तैदी से एक बड़ा हादसा होने से टल गया.

**तेज हवाओं ने आग में डाला घी** जानकारी के अनुसार, दोपहर के समय किसी अज्ञात व्यक्ति ने बीज निगम कार्यालय के पास स्थित एक खेत में नरवाई (फसल अवशेष) जला दी थी. भीषण गर्मी और तेज हवाओं के कारण आग ने देखते ही देखते रौद्र रूप धारण कर लिया. आग आसपास के खेतों को अपनी चपेट में लेते हुए बीज निगम के कार्यालय और मुख्य गोदाम की ओर बढ़ने लगी. परिसर के पास लपटें उठती देख चौकीदार और आसपास मौजूद लोग तुरंत सतर्क हो गए.



**दमकल की मशक्कत से टला बड़ा संकट** स्थिति की गंभीरता को देखते हुए फौरन दमकल विभाग को सूचित किया गया. सूचना मिलते ही ब्यावरा से दमकल वाहन मौके पर पहुँचा. दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और उसे कार्यालय परिसर में घुसने से रोका.

दमकल प्रभारी रवि शाक्यवार ने बताया कि आग लगने का प्राथमिक कारण खेत में जलाई गई नरवाई ही है। फिलहाल आग लगाने वाले अज्ञात व्यक्ति की पहचान की जा रही है।

**हो सकता था करोड़ों का नुकसान** गनीमत रही कि आग समय रहते बुझा ली गई, वरना बीज निगम के गोदाम में रखा बेशकीमती बीज और कार्यालय के महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज खाक हो सकते थे. इस घटना के बाद स्थानीय नागरिकों में गहरा रोष है और उन्होंने प्रशासन से नरवाई जलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है.

### जिले में बढ़ रही हैं घटनाएं, प्रशासन चिंतित

उल्लेखनीय है कि जिले में नरवाई जलाने पर प्रतिबंध के बावजूद ऐसी घटनाएँ थमने का नाम नहीं ले रही हैं. महज दो दिन पहले भी पराली और नरवाई के धुएं के कारण रेलवे ट्रैक पर विजिबिलिटी शून्य हो गई थी. जिसके चलते दो ट्रेनों को रोकना पड़ा था. लगातार हो रही इन घटनाओं ने जिला प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है.